# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने की जामताड़ा में राज्य स्तरीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत, 25 अगस्त तक चलने वाले अभियान में लोगों से निर्धारित खुराक लेने और स्वच्छता अपनाने की अपील।**

2. **गिरिडीह में भाजपा ने निकाली 75 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा, आम और खास लोगों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग, लोगों से घर–घर तिरंगा फहराने का आह्वान।**

3. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रामगढ़ के नेमरा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म का छठा दिन परंपरागत विधि से किया संपन्न।**

4. **मौसम विभाग ने कल रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग समेत 13 जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की जताई संभावना, तेज हवाएं चलने की जारी की चेतावनी।**

5. **झारखंड की टीम ने जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार सातवें वर्ष बनाई जगह, सेमीफाइनल में यूपी को 3–0 से किया पराजित।**

*******************

जामताड़ा में आज स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य स्तरीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वास्थ मंत्री ने 25 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान सभी लोगों से निर्धारित खुराक का सेवन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली लाइलाज बीमारी है और इससे बचाव के लिए स्वच्छता और मच्छरों से सुरक्षा जरूरी है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2030 तक फाइलेरिया मुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरायकेला–खरसावां जिले में भी एमडीए–आईडीए अभियान की शुरुआत हुई। सदर अस्पताल में उप विकास आयुक्त रानी हांसदा और सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने 14 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों से इस मिशन को सफल बनाने के लिए हर व्यक्ति को दवा खिलाने और चेंजमेकर की भूमिका निभाने की अपील की।

*******************

इधर दुमका जिले में भी फाइलेरिया उन्मूलन अभियान आज से शुरू हुआ, जो 25 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 16 लाख 83 हजार 715 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन बूथों पर दवा दी गई, जबकि कल से स्वास्थ्य कर्मी घर–घर जाकर दवा खिलाएंगे। सिविल सर्जन डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने बताया कि जिले में 5378 फाइलेरिया प्रभावित मरीज चिह्नित किए गए हैं।

*******************

गिरिडीह में भाजपा द्वारा 75 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें आम और खास लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा झंडा मैदान से शुरू होकर कालीबाड़ी होते हुए बड़ा चौक तक पहुंची, जहां भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा। मौके पर विधायक डॉ. मंजू कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गांव से लेकर शहर तक तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है और सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराएं।

*******************

हर घर तिरंगा अभियान की गूंज जोरों पर है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान ने पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में देशभक्ति का माहौल बना हुआ है। मंडल के जसीडीह, देवघर और मधुपुर स्टेशन पर भी इस अभियान की छटा देखने लायक है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज रामगढ़ स्थित नेमरा में अपने पैतृक आवास पर बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म के छठे दिन परंपरागत विधि से क्रिया संपन्न की। इस दौरान उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों के साथ श्राद्ध से संबंधित विचार–विमर्श किया। गौरतलब है कि आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 50वां जन्मदिन है और इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कारण इस वर्ष अपना जन्मदिन नहीं मना रहे हैं।

*******************

रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन को कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा और परिचर्चा का आयोजन कर उनके संघर्ष और योगदान को याद किया गया।

*******************

रांची प्रेस क्लब में आज वरिष्ठ पत्रकार और संस्थापक सदस्य स्वर्गीय हरिनारायण सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा और उनकी आत्मा की शांति की कामना की। मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने प्रेस क्लब सभागार का नाम दिवंगत पत्रकार के नाम पर रखने की घोषणा की।

*******************

रांची के पुराने विधानसभा सभागार में आज अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा ने रिम्स निदेशक डॉ. राज कुमार के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया। ब्रिटिश पार्लियामेंट, लंदन से कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन द्वारा सम्मानित होने पर उन्हें शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

*******************

मौसम विभाग ने कल राज्य के कई जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है, जिसमें रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, चतरा, गढ़वा, देवघर, दुमका, गोड्डा, जमताड़ा और पाकुड़ शामिल हैं। साथ ही कुछ स्थानों पर गरज और 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की चेतावनी जारी की है।

*******************

जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में झारखंड ने उत्तरप्रदेश को 3–0 से हराकर लगातार सातवें वर्ष फाइनल में जगह बनाई। काकीनाडा, आंध्रप्रदेश में खेले गए मैच में झारखंड की ओर से 13वें मिनट में स्वीटी डुंगडुंग, 56वें मिनट में रीना कुल्लू और 59वें मिनट में रजनी केरकेट्टा ने गोल किए। शानदार प्रदर्शन के लिए स्वीटी डुंगडुंग को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। झारखंड का फाइनल मुकाबला 12 अगस्त को हरियाणा से होगा।

*******************

दुमका के दो युवा तैराकों ने पहली बार राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में पदक जीतकर इतिहास रच दिया। जमशेदपुर में आयोजित झारखंड स्टेट जूनियर और सब जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में आर्यन सिंह ने जूनियर वर्ग में 200 मीटर और 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में दो कांस्य पदक जीते, जबकि आयुष कुमार ने सब जूनियर वर्ग में 50 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय दुमका में हाल ही में बने स्विमिंग पूल और अपने प्रशिक्षक कौशल आनंद को दिया।

*******समाप्त********